# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
# KUMAUN UNIVERSIYT, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक– के0यू0 / डी0एस0डब्ल्यू0 / छा0सं0चु0 / 2026–2027 / 90 दिनांकः 22–09–2026

सेवामें,

1. परिसर निदेशक,
   डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल / सर जे0सी0 बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / कुलानुशासक
   डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल / सर जे0सी0 बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।
3. परीक्षा नियंत्रक
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. प्राचार्य / प्राचार्या / छात्र संघ प्रभारी
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल)।

महोदय,

माननीय कुलपति जी की स्वीकृति के अनुपालन में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल से सम्बद्ध परिसर / राजकीय / अशासकीय महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव 2026–2027 के आगामी चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्नवत् अवगत कराया जाता है–

1. वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय के अधीन परिसरों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल एव सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के माननीय कुलपति महोदय की एक संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के उपरान्त माननीय कुलपति जी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के अधीन परिसरों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के छात्र संघ चुनाव दिनांक 29–09–2026 (मंगलवार) को सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया।

2. उत्तराखण्ड शासन द्वारा उत्तराखण्ड में विश्वविद्यालय / सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव में एकरूपता, व्यवस्थित, मितव्ययिता तथा लिंग दोह समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रस्तर–6.2 के अन्तर्गत निम्नवत प्राविधानिक धनराशि एवं छात्र संघ चुनाव में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री में पूर्व वर्षों की भांति पोस्टर, बैनर एवं पैम्पलेट इत्यादि चुनाव प्रचार की सामग्री हस्त निर्मित होनी चाहिए तथा चुनाव में खर्च की जाने वाली धनराशि निम्नवत् व्यय की जायेगी–

| क्र0सं0 | छात्र संख्या | खर्च की जाने वाली अधिकतम धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | 10 हजार से कम | रू0 25,000 / – |
| 2. | 10 हजार से अधिक | रू0 50,000 / – |

3. वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय के अधीन परिसरों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के पदों का विवरण निम्नवत् है–

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | – | 01 (एक) |
| उपाध्यक्ष (छात्र) | – | 01 (एक) |
| उपाध्यक्ष (छात्रा–छात्राओं हेतु आरक्षित) | – | 01 (एक) |
| सचिव | – | 01 (एक) |
| संयुक्त सचिव (छात्राओं हेतु आरक्षित) | – | 01 (एक) |
| कोषाध्यक्ष (छात्राओं हेतु आरक्षित) | – | 01 (एक) |
| सांस्कृतिक सचिव | – | 01 (एक) |
| संकाय प्रतिनिधि | – | 01 (एक) प्रत्येक संकाय में एक प्रतिनिधि |
| विश्वविद्यालय प्रतिनिधि | – | 01 (एक) |

22/09/2026

4. छात्र संघ चुनाव को विश्वविद्यालय के परिसर एवं समस्त् महाविद्यालयों में एक साथ करवाये जाने हेतु पूर्व वर्षों की भांति निम्नवत् चुनाव कार्यक्रम के आधार पर सम्पादित कराये जायेंगे–

**छात्र संघ चुनाव कार्यक्रम 2026–27**

| क्र0 सं0 | चुनाव कार्यक्रम (छात्रसंघ/छात्र परिषद) | दिनांक एवं दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | छात्र संघ चुनाव सम्बन्धी चुनाव अधिसूचना जारी किये जाने की तिथि | 23–09–2026 (बुधवार) | पूर्वाह्न 10:00 बजे |
| 2 | छात्र संघ नामांकन हेतु प्रपत्रों की बिक्री | 24–09–2026(बृहस्पतिवार) | पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 3 | छात्र संघ चुनाव हेतु नामांकन | 25–09–2026 (शुक्रवार) | पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 4 | नामांकन प्रपत्रों की जांच | 26–09–2026 (शनिवार) | पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| 5 | नाम वापसी | 26–09–2026 (शनिवार) | अपराह्न 1:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 6 | छात्रों की आम सभा (जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने की स्थिति में) | 28–09–2026 (सोमवार) | पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 7. | मतदान | 29–09–2026 (मंगलवार) | पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 02:00 बजे तक |
| 8. | मतगणना, चुनाव परिणाम की घोषणा एवं शपथ ग्रहण | 29–09–2026 (मंगलवार) | अपराह्न 03:00 बजे से शपथ ग्रहण समारोह के समापन तक। |

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/राजकीय महाविद्यालयों में उक्तानुसार छात्र संघ चुनाव सम्पादित किये जाने हेतु सम्बन्धित चुनाव अधिकारी/प्राचार्य स्तर से अधिसूचना निर्गत करने का कष्ट करें।

**नोट : दिनांक 28–09–2026 की सांय 04:00 बजे के उपरान्त चुनाव प्रचार–प्रसार का कार्य प्रत्याशियों द्वारा पूर्ण रूप से बन्द किया जायेगा।**

**भवदीय,**

22/09/2026

**(प्रो0 संजय पंत)**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**
**कुमाऊँ विश्वविद्यालय, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

22/09/2026

**(प्रो0 संजय पंत)**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**
**कुमाऊँ विश्वविद्यालय, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।**